उत्तर प्रदेश
112
आपात सेवाएं

# #MainpuriPolice

## करहल पुलिस ने बरामद किए चोरी के दो ट्रैक्टर

**करहल।** नगला कुरियन में हुई ट्रैक्टर चोरी की वारदात का पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुलासा किया, चोरी के दो ट्रैक्टर सहित दो चोर भी पकड़ कर जेल भेजे हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो अन्य साथियों को भी पुलिस जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

छह जुलाई को नगला कुरियन निवासी भुवनेश कुमार के घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया था। बुधवार रात एक सूचना पर बुझिया नहर पुल से तखरऊ मार्ग नहर पटरी के पास से दो चोरों को गिरफ्तार किया गया।

थाने लाकर पूछताछ करने पर अपने नाम मंतोष यादव निवासी गांव भजना थाना एका फिरोजाबाद और अब्बास अली निवासी बैठला थाना गढ़ी संभल बताया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के दो



पुलिस की गिरफ्त में ट्रैक्टर चोर। संवाद

### दो चोर गिरफ्तार, साथियों की तलाश में जुटी पुलिस

ट्रैक्टर बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ में चोरों ने बताया कि चोरी में उनके साथ विश्राम सिंह निवासी दरियापुर थाना करहल और लालू उर्फ अजय उर्फ प्रदीप निवासी पिलख्तर थाना फरिहा फिरोजाबाद भी शामिल थे। उन्होंने बरनाहल क्षेत्र से भी ट्रैक्टर चोरी किया है। संवाद

# #MainpuriPolice

## चोरी के दो ट्रैक्टर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**करहल।** थाना पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से दो चोरी के ट्रैक्टर, एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किया। जिन्हें पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।



गुरुवार को पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजती थाना पुलिस।

मोहल्ला कुरियन निवासी भुवनेश कुमार पुत्र रामफलसिंह ने बीते 16 अगस्त को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके घर के सामने से उसका स्वराज ट्रैक्टर चोरी हो गया था। सीओ के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी ने सर्विलांस सेल प्रभारी के साथ मिलकर अलग-अलग टीम बनाई। बीते 20 अगस्त की रात पुलिस ने मंतोष यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम नगला भजना थाना एका फिरोजाबाद, अब्बास अली पुत्र मोहम्मद बक्श निवासी बैठला संभल को चोरी किए गए दो ट्रैक्टर, एक तमंचा 315 बोर व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने दो अन्य आरोपियों के नाम भी बताए हैं, जो चोरी की घटना में शामिल थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। उक्त आरोपियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी, सर्विलांस प्रभारी गगन कुमार गौड़, उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद, अतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# #MainpuriPolice

## चोरी के दो ट्रैक्टर सहित दो चोर गिरफ्तार



गरुवार को करहल थाने पर पकड़े चोर और बरामद ट्रैक्टर के बारे में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी • साभार पुलिस।

संसू, जागरण • करहल: क्षेत्र के नगला कुरियन से चोरी हुए दो ट्रैक्टर सहित दो चोरों को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस आरोपितों के दो फरार साथियों की तलाश कर रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

सोशल मीडिया सेल,मैनपुरी

12:05 Vo NR 15.88 KB/s 5G+ 66%

उमाकांतवथम | करहल (मैनपुरी), मैनपुरी | 8 मिनट पहले



शेयर

करहल थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के दो ट्रैक्टर, एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में फिरोजाबाद के नगला भजना निवासी मन्तोष यादव और सम्भल के बैठला निवासी अब्बास अली शामिल हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से स्वराज 744 एसटी और महिन्द्रा 575 डीआई ट्रैक्टर बरामद किए हैं। मामला तब सामने आया जब करहल के ग्राम कुरियन निवासी भुवनेश कुमार ने अपने घर के सामने से ट्रैक्टर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस अधीक्षक मैनपुरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के नाम भी बताए।